卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐
उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये
केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त
हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 335 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦सोमवार ♦16 सितम्बर 2024 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

# प्रदेश में धामी के जन्म दिन की धूम

## युवा संकल्प दिवस के रूप में मना सीएम का जन्म दिन, प्रदेश भर में हुए कई कार्यक्रम

देहरादून/रूद्रपुर/गदपुर (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का जन्म दिन सोमवार को युवा संकल्प दिवस के रूप में धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर राजधानी सहित प्रदेश भर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गये। सीएम को तमाम लोगों ने बधाई दी। साथ ही उनकी दीर्घायु के लिए हवन यज्ञ भी किये गये। जन्मदिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री धामी ने देहरादून स्थित श्री टपकेश्वर महादेव मंदिर में पूजा–अर्चना की। उन्होंने ईश्वर से समस्त प्रदेशवासियों के सुख–समृद्धि एवं राज्य की उन्नति हेतु प्रार्थना की। अपने जन्म दिन पर सीएम धामी ने कहा कि उत्तराखण्ड के नव निर्माण का जो स्वप्न हमने मिलकर देखा है उसे पूर्ण करने के लिए मैं सदैव वचनबद्ध हूं और सशक्त उत्तराखण्ड की दिशा में आज के दिवस पर जनता द्वारा मिलने वाला असीम स्नेह और आशीर्वाद मुझे नवीन ऊर्जा प्रदान करेगा। हम सभी







का यह सामूहिक प्रयास होना चाहिए कि ड्रग्स फ्री देवभूमि का जो संकल्प सरकार द्वारा लिया गया है उसमें प्रतिबद्धता के साथ सहयोगी बनें और अपने स्तर से जितना हो सकता है आप सभी लोग आपदा प्रभावितों की मदद के लिए भी आगे आएं। राजधानी में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के जन्म दिन पर कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। मंत्रियों और भाजपा के तमाम वरिष्ठ नेताओं ने सीएम धामी को जन्म दिन की बधाई दी और उन्हें सम्मानित किया। **रुद्रपुर–** जिला मुख्यालय पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के जन्मदिन पर विधायक शिव अरोरा ने पुलिस लाइन स्टेडियम में युवा मोर्चा द्वारा आयोजित मेराथन दौड़ को हरी झड़ी दिखाकर रवाना किया । दौड़ में प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहे बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। वहीं नगर निगम में शिव अरोरा ने मुख्यमंत्री के जन्मदिन पर दस नये कूड़ा कलेक्शन वाहनों को हरी झड़ी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान साथ में जिला अधिकारी उदय राज, एमएनए नरेश दुर्गापाल भी रहे। इसके साथ विधायक शिव अरोरा ने वनशक्ति मंदिर मे कार्य कर्ताओ संग हवन यज्ञ कर प्रदेश के विकास मे निरंतर लगे हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की लम्बी उम्र की कामना कि साथ ही बिगवाड़ा मंडी मे विधायक शिव अरोरा ने लेबर कार्ड धारकों को श्रम विभाग के सौजन्य से किट वितरित की। मुख्यमंत्री के जन्म दिन पर (शेष पृष्ठ सात पर)






## जुलूस के दौरान करंट लगने से एक की मौत, एक गंभीर

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जुलस ए मोहम्मदी के दौरान सुभाष कालोनी में टेंट को ऊंचा करने के दौरान टेंट का पाईप हाईवोल्टेज तार से छू जाने के कारण एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि एक अन्य गंभीर रूप से झुलस गया। जिसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय भर्ती कराया गया है। इस घटना से परिवार की खुशियां मातम में बदल गई। जानकारी के अनुसार सोमवार प्रात: जब जुलस ए मोहम्मदी सुभाष कालोनी से होकर गुजर रहा था। तो वहां के लोगों ने जुलूस के स्वागत के लिए टेंट लगाया हुआ था। जुलूस में शामिल एक ट्रक की ऊंचाई ज्यादा होने के कारण जब सुभाष कालोनी निवासी इशरत अली कुछ अन्य लोगों की मदद से टेंट को ऊंचा कर रहा था इसी दौरान टेंट का पाईप ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन विद्युत तार से छू गया। जिससे 36 वर्षीय इशरत व उसके साथ काम कर रहे लोंगों को करंट लग गया। घटना के बाद वहां लोगों की चीख पुकार शुरू हो गई। गंभीर रूप से घायल इशरत अली पुत्र शब्बू व दिलनशी को उपचार के लिए तत्काल जिला चिकित्सालय ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने इशरत अली को मृत घोषित कर दिया। उसकी मौत से परिजनों में (शेष पृष्ठ सात पर)

# अलग अलग सड़क हादसों में तीन की मौत

## हल्द्वानी रोड पर कार ने बाइक को मारी टक्कर, सिडकुल में अज्ञात वाहन ने श्रमिक को रौंदा

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। हल्द्वानी मार्ग पर तेज रफ्तार कार ने बाइक को





टक्कर मार दी। हादसे में घायल दोनों युवकों को अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। दूसरी घटना में रविवार रात सिडकुल में अज्ञात वाहन की टक्कर से श्रमिक की मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार ग्राम अहेरो थाना खजुरिया रामपुर निवासी शुजाहिद खां और रफ्फन खां हल्द्वानी फल मंडी में फल बेचने का काम करते थे। सोमवार सुबह दोनों बाइक पर जश्ने मुहम्मदी का त्योहार मनाने के लिए घर लौट रहे थे। टांडा जंगल पर रेलवे क्रॉसिंग के पास सामने से आई तेज रफ्तार कार ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में दोनों घायलों को जिला अस्पताल लाया गया था, जहां दोनों को मृत घोषित कर दिया गया। सूचना पर दोनों के परिजन भी अस्पताल मच गये। मृतकों के परिजनों में घटना से कोहमराम मचा है। (शेष पृष्ठ सात पर)

## रेलवे ट्रैक पर युवक का शव मिला

रूद्रपरु (उद संवाददाता)। ट्रेन की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गयी। मृतक का शव रेलवे की पटरी पर बरामद किया गया। उसकी शिनाख्त नहीं हो पायी है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी भेज दिया। जानकारी के मुताबिक सोमवार सुबह भूरारानी रोड त्रिमूर्ति फ्लाईवुड कंपनी के पास रेलवे ट्रैक पर एक व्यक्ति का शव मिलने से सनसनी फैल गयी। सूचना पर जीआरपी पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने मृतक (शेष पृष्ठ सात पर)

# पुरखुलूस माहौल में निकला जुलूस ए मोहम्मदी

रूद्रपुर/काशीपुर (उद संवाददाता)। हजरत मोहम्मद साहब का जन्म दिवस मुस्लिम समाज द्वारा धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर शहर में जुलूस ए मोहम्मदी निकालकर अमन चैन की दुआ की गयी। जुलस ए मोहम्मदी विभिन्न मार्गों से होकर गुजरा जगह जगह जुलूस का स्वागत किया गया। मुस्लिम धर्म में ईद मिलाद उल नवी का विशेष पर्व मनाया जाता है। इस्लाम धर्म के संस्थापक और अल्लाह के दूत पैगम्बर मौहम्मद साहब का जन्म दिन इसी दिन हुआ था। जिसके चलते इस दिन को ईद मिलाद उल नबी के रूप में मनाया जाता है। ईद मिलाद उल नवी का जुलूस प्रात: खेड़ा से प्रारम्भ हुआ जिसमें हजारों की संख्या में समाज के लोग शामिल हुए। जुलूस खेड़ा से प्रारम्भ होकर किच्छा बाईपास रोड़, डीडी चौक, पहुंचा जहां मौहल्ला जगतपुरा, इन्द्रा कालोनी, सुभाष कालोनी, ट्रांजिट कैम्प, सीर गोटिया, पहाड़गंज, गांधी कालोनी, भूतबंगला, खेड़ा, आदर्श कालोनी, प्रीत विहार आदि क्षेत्रों से आये ईद मिलाद उल नवी के जुलूस शामिल हुए। इसके पश्चात जुलूस गांधी कालोनी, सीरगोटिया, काशीपुर रोड़, इन्द्रा चौक, किच्छा रोड़, भूत बंगला, दूधियानगर से होते हुए खेड़ा में समाप्त हुआ। शहर में जुलूस के स्वागत के लिए जगह जगह तोरण द्वार लगाये (शेष पृष्ठ सात पर)




## जुलूस में शान से लहराया तिरंगा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। हजरत मोहम्मद साहब के जन्म दिवस पर आज मुस्लिम समाज द्वारा शहर में निकाले गये जुलूस ए मोहम्मदी में देश का तिरंगा झंडा भी शान से लहराता रहा। जुलूस में शामिल कुछ युवक जो छोटा हाथी वाहन में सवार



थे अपने हाथों में तिरंगा झंडा लेकर लगातार लहरा रहे थे। जो सबके लिए आकर्षण के केन्द्र बना हुआ था। भारत माता की जय, सारे जहां से अच्छा हिन्दुस्तान हमारा आदि नारे लगाते हुए सभी युवकों के चेहरों पर अलग ही खुशी दिखाई दे रही थी।

# जुलूस ए मोहम्मदी में उमड़े मुस्लिम समाज के लोग

सितारगंज/किच्छा(उद संवाददाता)। पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब के जन्म दिवस के अवसर पर सोमवार को जुलूस ए मोहम्मदी में हजारों मुस्लिम समाज के लोगों का जनसैलाब उमड़ पड़ा। जामा मस्जिद के समीप आयोजित जलसे में धार्मिक गुरुओं ने इस्लाम धर्म के प्रवर्तक पैगंबर साहब के जीवन पर प्रकाश डाला। बीती शाम सिडकुल रोड, मुख्य चौक, रमपुरा मार्ग, अमरिया चौक आदि को आकर्षक झालरों और सामाजिक, धार्मिक कार्यों से जुड़े स्टाल से सजाया गया था। सोमवार की सुबह शहर के सिडकुल रोड स्थित जामा मस्जिद से जुलूस ए मोहम्मदी का आगाज हुआ। जिसमें नगरीय क्षेत्र के हजारों लोगों का जनसैलाब उमड़ पड़ा। जुलूस किच्छा मार्ग, अमरिया चौक, खटीमा चौक, खटीमा मार्ग होते हुए संपन्न हो गया। जुलूस में सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से एसएसआई कविंद्र शर्मा, एसआई इंदर सिंह ढेला, एसआई सोनिका जोशी अतिरिक्त पुलिस बल के साथ सुरक्षा व्यवस्था और यातायात व्यवस्था बनाए हुए थे। इस दौरान उलेमा पैगंबर साहब के बताए मार्ग पर चलने का आह्वान कर रहे थे। जुलूस में भारत जिंदाबाद इस्लाम जिंदाबाद की सदाएं गूंज रही थी। इससे एक दिन पूर्व रविवार की शहर की सड़कों धार्मिक स्थलों और मुस्लिम समाज के लोगों ने खुद के प्रतिष्ठान मकान को आकर्षक झालरों और फूलों से सजाया। पैगंबर साहब के जन्मदिन पर रविवार की शाम और सोमवार की सुबह जुलूस में मुस्लिम समाज के लोगों ने जमकर लंगर वितरण किया। इस मौके पर हाजी अनवार अहमद, हाजी शमशुल हक मलिक, जामा मस्जिद के इमाम मौलाना कासिम मिस्बाही, बबलू हसन इदरीशी, सरताज हसन, सैय्यद यूसुफ मियां, अबरार पटौदी, सैयद आसिफ मियां, इमरान अंसारी आदि मौजूद थे। **किच्छा**– नगर में ईद मिलाद उल नबी के अवसर पर मुस्लिम समुदाय द्वारा विशाल जुलूस निकाला गया । सरकार की आमद मरहबा,आका की आमद मरहबा के गगनभेदी नारों के साथ मुस्लिम समाज के लोगों ने बड़ी तादाद में अकीदत के साथ जश्ने ईद मिलादुन्नबी का जुलूस निकालकर पैगंबरे इस्लाम हजरत मोहम्मद सल्लल्लाहु अलैहे वसल्लम साहब के प्रति अपनी मोहब्बत का इजहार किया । पैगंबरे इस्लाम हजरत मोहम्मद साहब की यौमे पैदाइश जश्ने ईद मिलादुन्नबी के मौके पर वार्ड नंबर 14 स्थित बड़ी मस्जिद से जुलूस–ए मोहम्मदी का आगाज धार्मिक झन्डे के साथ साथ राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे को बुलन्द करने के साथ हुआ। नगर के तमाम क्षेत्रों से मुस्लिम समाज के सैकड़ो लोगों द्वारा पैगंबरे इस्लाम के योमें पैदाइशी पर हर्षोल्लास के साथ खुशियां मनाई तथा एक दूसरे को मुबारकबाद दी। जुलूस शहर के मुख्य मार्ग से होते हुए एमपी चौक डी डी चौक, दरऊ चौक तक पहुंचा इस अवसर पर तमाम मुस्लिम समुदाय की लोगों ने इस अवसर पर भाईचारे और देश की उन्नति के लिए दुआएं भी मांगी। लोगों ने कहा कि देश की एकता अखंडता एवं भाईचारा बरकरार रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि हजरत मोहम्मद साहब ने प्रेम का संदेश देकर संसार को एक नई राह दिखाई इसलिए प्रत्येक भारतीय को भाईचारे और प्रेम के साथ रहना चाहिए चाहे वह किसी भी धर्म को मानने वाला ही क्यों ना हो। जुलूस का नगर में विभिन्न जगहों पर भव्य स्वागत भी किया गया तथा आम नागरिकों को जल तथा फल भी वितरित कर खुशी मनाई गई। जगह–जगह पर जल वितरण के पंडाल भी लगाए हुए थे। इस अवसर पर मुख्य रूप से इम्तियाज मलिक आसिफ अंसारी लियाकत अली, अब्दुल रशीद जक्कू, मिसवाल कुरैशी, तस्लीम राजा, अब्दुल अली तन्हा साहित्य सहित भारी संख्या में क्षेत्र के सैकड़ो लोग मौजूद थे।





सितारगंज

## धार्मिक किताब का डॉक्टर आरिफ ने किया विमोचन

सितारगंज। पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब के जन्मदिन के अवसर पर रविवार की शाम मरकज मिनहाजुस सालेहात कमेटी के अध्यक्ष मौलाना आरिफुल कादरी वाहिदी द्वारा लिखी हुई किताब आओ हम मिलाद मनाएं का विमोचन टूरना हॉस्पिटल में तैनात एमबीबीएस एमडी डॉक्टर आरिफ हुसैन ने किया। इस दौरान कमेटी ने जश्ने ईद मिलादुन्नबी पर शहर को रोशनी से जगमगाने वाले और व्यवयस्था करने वाली कमेटी के सदस्य, पत्रकारिता से जुड़े हनीफ बाबा को शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। सैयद यूसुफ मियां ने बताया कि मिनहाजुस सालेहात कमेटी सभी तरह के धार्मिक, सामाजिक कार्यों में बढ़कर कार्य कर रही हैं। आने वाले समय कमेटी की तरफ से निर्धन, बेसहारा बेटियों का विवाह भी कराया जायेगा। इसकी तैयारी शुरू कर दी हैं। इस मौके पर मरकज मिन्हाजुस सालेहात के प्रबंधक इस्लामिक स्कॉलर मौलाना आरिफुल कादरी वाहिदी, सय्यद यूसुफ अली मियां, अबरार अहमद, कघरी मोहम्मद आरिफ,कघरी मो.यासीन, मौलाना सईद अहमद मिस्बाही मौजूद रहे।







किच्छा













रूद्रपुर में जुलूस ए मोहम्मदी के जुलूस के दौरान मुस्लिम समाज के लोग

## महानाम संकीर्तन में विधायक को किया सम्मानित

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। संजय नगर खेड़ा मे आयोजित अखण्ड महानाम संकीर्तन में विधायक शिव अरोरा को अंग वस्त्र भेट कर सम्मानित किया गया। इस दौरान विधायक शिव अरोरा ने भगवान राधा कृष्ण का आशीर्वाद लेकर क्षेत्र के सुख समृद्धि की कामना की। विधायक अरोरा ने कहा कि हरि नाम कीर्तन श्रवण से अंतर मन मे शांति भाव पैदा होता है, विधायक बोले अखण्ड नाम कीर्तन रुद्रपुर क्षेत्र मे आयोजन होता रहता है तो वही कीर्तन मे जिस प्रकार का भक्ति भाव प्रेम अपने आराध्य के प्रति नजर आता है, वह दर्शाता है की भगवान कृष्ण के प्रति किस प्रकार की श्रद्धांलुओं की आस्था है, विधायक बोले ऐसे आयोजन हिन्दु समाज को संगठित करने व अपने ध र्म संस्कृति के प्रति जगरूकता का भाव आता है, विधायक ने अखण्ड नाम कीर्तन के भव्य आयोजन पर कमेटी के सदस्यों को शुभकामनायें दी। इस दौरान भाजपा नेता सुरेश कोली, तरुण दत्ता, रोबिन विश्वास, अखिल विश्वास, सुधांशु शील, नरेंद्र राय, बलाई विश्वास, छोटू मंडल, चंदन ढाली, सुभाष मलिक, मनेन्द्र मलिक, राजू मलिक, कालीपद मंडल, आशु विश्वास सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



## स्थापना दिवस पर सैकड़ों महिलाओं ने थामा कांग्रेस का हाथ

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। अखिल भारतीय महिला कांग्रेस के 40वें स्थापना दिवस पर वार्ड नंबर 56 में कांग्रेस नेत्री भागीरथी बिष्ट और शोभा बिष्ट के नेतृत्व में महिला कांग्रेस का सदस्ष्यता अभियान चलाया गया। जिसमें 100 से अधिक महिलाओं ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की।सदस्यता कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कांग्रेस महानगर अध्यक्ष गोविंद सिंह बिष्ट ने सभी नये सदस्यों का कांग्रेस में शामिल होने पर स्वागत किया और मिलजुलकर कांग्रेस की मजबूती के लिए कार्य करने का आह्वान किया। सदस्यता कार्यक्रम में उपस्थित सभी वक्ताओं ने एक स्वर में महिला सशक्तिकरण पर जोर देने की बात कही और आने वाले निकाय और पंचायत चुनाव मैं मातृशक्ति की भागीदारी बढ़ाने का आहवान किया, ताकि कांग्रेस चुनाव में बेहतर प्रदर्शन कर सके। कार्यक्रम में महानगर अध्यक्ष मधु सांगुडी, पुष्पा नेगी, रत्ना श्रीवास्तव, शशि वर्मा, रेनू तोमर, नीलू नेगी, मंजू पांडे, नीमा भट्ट, भावना बिष्ट आदि लोग उपस्थित रहे।



# गदरपुर में धूमधाम से मनाया जश्ने ईद मिलादुन्नबी

## जुलूस के दौरान लोगों ने फ्रूट, चाय, बिस्किट, शरबत, हलुवा बांटा, चप्पे चप्पे पर रहे सुरक्षा के कड़े इंतजाम




गदरपुर (उद संवाददाता) पैगंबर इस्लाम हजरत मोहम्मद साहब की विलादत पर जश्ने ईद मिलादुन्नबी पर जुलूस निकाला गया शहर और ग्रामीण क्षेत्र की मस्जिदों में कुरान खानी मिलाद शरीफ का दौर भी चलता रहा। जश्ने ईद मिलादुन्नबी में आका की आमद मरहबा, सरकार की आमद मरहबा, नारे तकबीर के नारों से गदरपुर गूंजता रहा। जुलूस ए मोहम्मदी पर सोमवार को मुस्लिम समाज के लोग 9 बजे तक रविवार साप्ताहिक बाजार के पास एकत्रित हुए और बड़े ही सौहार्द के साथ जुलूस ए मोहम्मदी निकला। जगह-जगह मुस्लिम समाज के लोगों ने स्टॉल लगाकर लोगों को फ्रूट, चाय, बिस्किट, शरबत, हलुबा आदि बांट कर सेवा करते नजर आए गदरपुर शहरी व ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों में बुजुर्गों ने जुलूस से मोहम्मदी में शिरकत करते हुए आगे आगे चलते नजर आ रहे थे। मदरसे के बच्चे के हाथ में इस्लामिक झंडे और तख्ती थी और सरकार की आमद मरहबा के नारे लगाए जा रहे थे सुरक्षा की दृष्टि से थाना अध्यक्ष जसवीर चौहान भी अपनी टीम के साथ मुस्तैद थे और जगह-जगह पुलिस के कर्मचारी भी मौजूद रहे खुफिया विभाग से सब इंस्पेक्टर मोहम्मद रिजवान खान भी हर




गतिविधि पर नजरें बनाए हुए थे। जुलूस शांतिपूर्ण मेन बाजार होते हुए ठंडी नदी बसअड्डा पुल के करीब कृष्णा पेट्रोल पंप से वापस आते हुए पुरानी अनाज मंडी से कब्रिस्तान के पास लगभग डेढ़ बजे जुलूस का समापन हुआ। इसके बाद कमेटी कार्यकर्ताओं ने लंगर का भी इंतजाम किया। दुरूद फातिहा के बाद लोगों ने लंगर किया। जुलूस के दौरान अन्य धर्म के लोगों ने भी जुलूस में शिरकत की और धार्मिक एकता का संदेश दिया। कमेटी के कार्यकर्ता मोहम्मद आलम ने बताया कि ईद मिलादुन्नबी इस्लाम के आखिरी नबी और अल्लाह के प्यारे रसूल हजरत मोहम्मद साहब के पैदाइश की खुशी में मनाया जाता है। उन्होंने मुसलमान से अपील करते हुए कहा कि अल्लाह को राजी करने के लिए हमें अल्लाह और उनके प्यारे रसूल के बताए रास्ते पर चलने की जरूरत है। मोहम्मद शादाब ने बताया कि सुन्नते रसूल पर अमल से ही हमारी दुनिया और आखिरत आवाद होगी। सलीम बाबा ने बताया कि ईद मिलादुन्नबी पर मस्जिद की आकर्षक साज सज्जा की गई और बीती रात इस्लामनगर मोहल्ले में जलसे का आयोजन किया गया था वही रात में इबादत करके देश में खुशहाली सहित अमन चौन की दुआएं मांगी गई। जुनैद अंसारी ने कहा कि अल्लाह के प्यारे रसूल हजरत मोहम्मद मुस्तफा के पैदाइश की खुशी में जश्ने ईद मिलादुन्नबी मनाया जाता है। रिजवान पाशा ने बताया कि आज के दिन ही हजरत मोहम्मद साहब दुनिया में ऐसे वक्त तसरीफ लाए जब यहां जहालात का अंधेरा था इंसानियत सिसक रही थी आपने अपने नूर से दुनिया को रोशन किया और लोगों को इंसानियत का पाठ पढ़ाया। उन्होंने कहा कि 12 रबी उल अव्वल तारीक पीर के दिन सुबह के सुहाने वक्त तशरीफ लाए पैगंबर इस्लाम हजरत मोहम्मद साहब ने दुनिया वालों को हक व सच्चाई और ईमानदारी का पैगाम दिया। इस दौरान जुलूस ए मोहम्मदी कमेटी के कार्यकर्ता मोहम्मद जफर, अशरफ अली, करीमुल्लाह, रईस कुरैशी, मुमताज हुसैन, शाहिद हुसैन, अफसर अब्बासी, अकरम अब्बासी, इमरान अहमद, मोहम्मद यासीन, सुभान अहमद, सुलेमान अली, चिंटू अहमद, जुनैद अंसारी ने जुलूस को शांति पूर्वक मानने के लिए लोगों का आभार व्यक्त किया इसके अलावा जुलूस में जुल्फिकार अली, राशिद भाई, इदरीश भाई, शहादत अली, महफूज अली, मोहम्मद अमीन, शाकिर अली, साजिद, शकील, रिजवान, जुनैद, नदीम, फिरासत अली, शराफत अली, मोइन खान, फैजान खान, फारुक खान, नईम मालिक, परवेश खान, फरमान अली, शाहरुख अली, अमन अली, वसीम मालिक, अशरफ मालिक, शाहिद सैफी सहित सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

## मां नन्दा सुनन्दा की निकाली भव्य शोभा यात्रा

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। आवास विकास कालोनी में श्रद्धालुओं द्वारा पूजा अर्चना के साथ मां नन्दा सुनन्दा की भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। जो मुख्य मार्गों से होकर गुजरती हुई चित्रशिला घाट पहुंची जहां नम आंखों से मां नन्दा सुनन्दा को विदा किया गया। शोभा यात्रा में शामिल लोक गायक कलाकारों ने कुमाऊंनी लोक गीतों को गाकर सारा वातावरण भक्तिमय बना दिया गया। शोभा यात्रा में शामिल श्रद्धालु लोक गीतों की धुन पर नाचते गाते रहे। इस दौरान महेश आर्या, ललित मेहता, हेमचन्द्र, समीर आर्या, राजेन्द्र मेहरा, पंकज बिष्ट, हेमा जोशी आदि शामिल थे।



## छात्रा ने फांसी लगाकर दी जान

शक्तिफार्म (उद संवाददाता)। अज्ञात कारणों के चलते छात्रा ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। छात्रा राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में 11वीं की छात्रा थी। नगर पंचायत के वार्ड नंबर एक निवासी 16 वर्षीय रेशमा गाइन पुत्री श्रीकान्त गाइन रविवार शाम ट्यूशन पढ़कर घर पहुंची थी। उसकी मां पड़ोस मे रजाई सिल रही थी। मृतका की मां जब घर पहुंची तो कमरे के दरवाजे पर पर्दा लगा था। पर्दा हटाकर जब कमरे में देखा तो रेशमा कमरे की बल्ली में साड़ी से फंदे पर लटकी हुई थी। उसकी मां की चिल्लाने की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। लोगों ने शव को नीचे उतारा। सूचना पर पुलिस चौकी प्रभारी जगदीश चंद्र तिवारी मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में 11वीं की छात्रा थी। चौकी प्रभारी जगदीश चंद्र तिवारी ने बताया की मृतका के पास से सुसाइड नोट मिला है। जिसकी जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर आगे की कार्यवाही की जाएगी। घटना से परिवार वालो का रो रो कर बुरा हाल है।






# कांग्रेस से चौहान व सहगल व भाजपा से बाली व मेहरोत्रा ठोंक सकते हैं ताल

-मनोज श्रीवास्तव-

## निकाय चुनावों को लेकर सरगर्मियां तेज, सीटों का इंतजार

काशीपुर। प्रदेश भर में सन्निकट होने वाले निकाय चुनावों को लेकर रणभेरी बज चुके हैं। मैदान में ताल ठोकने वाले कद्दावर नेताओं को सीटों के आरक्षण के कन्फर्मेशन का इंतजार है। तस्वीर साफ होते ही सियासी जंग में इस बार घमासान होगा। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष की काशीपुर में महापौर की सीट खासकर भाजपा व कांग्रेस के लिए प्रतिष्ठा का विषय बनी है। काशीपुर की सीट यदि सामान्य होती है तो प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव अरुण चौहान अथवा संदीप सहगल में से किसी एक पर कांग्रेस दांव लगा सकती है जबकि भाजपा से पार्टी के वरिष्ठ नेता राम मेहरोत्रा अथवा दीपक बाली का नाम टिकट को लेकर सुर्खियों में है। पीसीसी सचिव अरुण चौहान की गिनती जिताऊ नेताओं में होती है। उन्होंने अपने जीवन के तीन दशक से भी अधिक का समय कांग्रेस कमेटी के विभिन्न पदों पर रहते हुए पार्टी को समर्पित किया। वह आज भी संगठन के सच्चे सिपाही के रूप में मजबूती के साथ खड़े होकर पार्टी की नीतियों को जन जन तक पहुंचाने में लगे हैं। काशीपुर में कांग्रेस नेता अरुण चौहान की गिनती निर्विवाद व्यक्तित्व में होती है। उन पर कभी कोई आरोप प्रत्यारोप नहीं रहा यही कारण है कि उन्हें प्रत्येक वर्ग का व्यक्ति पसंद करता है। इसी तरह कांग्रेस के पूर्व महानगर अध्यक्ष संदीप सहगल को उनके मृदभाषी व्यवहार के कारण खासकर युवा वर्ग बहुत पसंद करता है। वहीं दूसरी ओर सीट सामान्य होने पर यदि हम भाजपा की बात करें तो दीपक बाली अथवा राम मेहरोत्रा में से किसी एक को पार्टी अपना उम्मीदवार बना सकती है। उद्यमी दीपक बाली की गिनती प्रख्यात समाजसेवियों में होती है। वह मुख्यमंत्री के बेहद करीब भी माने जाते हैं। ऐसे ही भाजपा के वरिष्ठ नेता राम मेहरोत्रा ने निस्वार्थ भाव से विभिन्न पदों पर रहकर पार्टी में काम करते हुए क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बनाई है। भाजपा के उपरोक्त दोनों ही नेता खोखले दावों और वादों की बजाय धरातल पर रहकर काम करने में विश्वास रखते हैं।



## सीट ओबीसी होने का खामियाजा भुगत रही है जनता

काशीपुर। नगर निगम बनने के बाद से दोनों बार काशीपुर की सीट ओबीसी रही। एक बार भाजपा के टिकट पर उषा चौधरी ने चुनाव जीता तो दूसरी बार बागी उम्मीदवार के रूप में वह जनता की पहली पसंद बनी। इससे पूर्व वह पालिकाध्यक्ष भी रहीं लेकिन शहर का विकास सिर्फ फाइलों तक सीमित रहा। निवर्तमान महापौर उषा चौधरी के कार्यकाल के बारे में जब क्षेत्रीय जनता से राय जानने का प्रयास किया गया तो विकास के मुद्दे पर अधिकांश ने असंतोष जताया। लोगों ने कहा कि जल भराव समेत मूलभूत मुद्दों पर चुनाव लड़कर उषा चौधरी एक बार पालिका अध्यक्ष तथा दो बार महापौर रही लेकिन समस्याएं आज भी जस की तस है। यानी विकास के मुद्दे पर काशीपुर जहां पहले था वही आज भी खड़ा है। मतदाता खुद को ठगा महसूस कर रहे हैं इसलिए इस बार के सन्निकट निकाय चुनावों में काशीपुर की सीट को सामान्य रखना जनहित में बेहतर माना जा रहा है।


एहले वतन को
जश्न-ए-ईद मिलाद-उन नबी
की दिली मुबारकबाद
डॉ0 आजाद
आजाद डेन्टल क्लीनिक, महतोष, गदरपुर


एहले वतन को
जश्न-ए-ईद मिलाद-उन नबी
की दिली मुबारकबाद
प्रेमानन्द महाजन
वरिष्ठ कांग्रेसी नेता, पूर्व विधायक, गदरपुर


एहले वतन को
जश्न-ए-ईद मिलाद-उन नबी
की दिली मुबारकबाद
सद्दाम (बाबा)
भाजपा युवा नेता, निवास-महतोष, गदरपुर


एहले वतन को
जश्न-ए-ईद मिलाद-उन नबी
की दिली मुबारकबाद
जुल्फेकार अली (हारिश)
सम्भावित प्रधान प्रत्याशी, ग्राम गदरपुरा, मजरा शीला


एहले वतन को
जश्न-ए-ईद मिलाद-उन नबी
की दिली मुबारकबाद
रिजवान पाशा
समाज सेवी गदरपुर


एहले वतन को
जश्न-ए-ईद मिलाद-उन नबी
की दिली मुबारकबाद
जुनेद अंसारी
सभासद वार्ड नं0 1 गदरपुर
सावेद अंसारी
सम्भावित सभासद प्रत्याशी वार्ड नं0 2, गदरपुर


एहले वतन को
जश्न-ए-ईद मिलाद-उन नबी
की दिली मुबारकबाद
नासिर हुसैन
पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष, कांग्रेस कमेटी, गदरपुर


एहले वतन को
जश्न-ए-ईद मिलाद-उन नबी
की दिली मुबारकबाद
नबी जान
प्रधान प्रतिनिधि ग्राम पंचायत महतोष, गदरपुर


एहले वतन को
जश्न-ए-ईद मिलाद-उन नबी
की दिली मुबारकबाद
शराफत अली मंसूरी
प्रधान प्रतिनिधि झगड़पुरी
फिरासत अली मंसूरी
उत्तराखण्ड ट्रेडर्स केलाखेड़ा


Happy Birthday
उत्तराखण्ड के युवा व तेजस्वी मुख्यमंत्री
श्री पुष्कर सिंह धामी जी को
जन्म दिवस 16 सितम्बर एवं
जन जन के प्रिय देश के यशस्वी प्रधानमंत्री
श्री नरेन्द्र मोदी जी को
जन्म दिवस 17 सितम्बर की
हार्दिक बधाई
सुरेश गौरी
वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता एवं निवर्तमान पार्षद,नगर निगम,रूद्रपुर


Happy Birthday
उत्तराखण्ड के युवा व
तेजस्वी मुख्यमंत्री
श्री पुष्कर सिंह धामी जी
को जन्म दिवस 16 सितम्बर
एवं जन जन के प्रिय
देश के यशस्वी प्रधानमंत्री
श्री नरेन्द्र मोदी जी को
जन्म दिवस 17 सितम्बर की
हार्दिक बधाई
अभिषेक वर्मा
महामंत्री,भाजपा,गदरपुर एवं पूर्व
अध्यक्ष ओबीसी मोर्चा,भाजपा,गदरपुर
मुनि भुसरी
मण्डल अध्यक्ष,भाजयुमो,गदरपुर
एवं युवा समाजसेवी,गदरपुर

## उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# बढ़ती आतंकी घटनाएं

जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद को लेकर परस्पर विरोधी बातें सुनने को मिलती रही हैं। सरकार का दावा है कि अब वहां आतंकवाद खत्म होने को है। कुछ दिनों पहले गृह मंत्रालय ने दावा किया था कि जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद काफी कम हो गया है, अब केवल कुछ इलाकों तक सिमट कर रह गया है। जल्दी ही उसे समाप्त कर दिया जाएगा। प्रधानमंत्री ने भी वही बात दोहराई है। उन्होंने डोडा से विधानसभा चुनाव प्रचार की शुरुआत करते हुए कहा कि जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद अब अपनी आखिरी सांसें गिन रहा है। हालांकि प्रधानमंत्री के दौरे से पहले ही वहां आतंकी हमला हुआ, जिसमें एक अधिकारी समेत दो सुरक्षाकर्मी शहीद हो गए। सेना के जवाबी हमले में तीन आतंकवादियों को मार गिराया गया। घाटी में सक्रिय विपक्षी राजनीतिक दलों का आरोप है कि पिछले दस वर्षों में वहां आतंकी गतिविधियां बढ़ी हैं। बहुत सारे निरपराध लोग मारे गए हैं, अनेक सुरक्षाकर्मी शहीद हुए हैं।इससे पहले आतंकवादी घटनाएं इतनी नहीं होती थीं, केंद्र सरकार ने तब स्थानीय लोगों से बातचीत का सिलसिला शुरू किया था और आतंकी गतिविधियां काफी कम हो गई थीं। मगर सरकार इन बातों को सिरे से खारिज करती है। हालांकि दो वर्ष पहले गृह मंत्रालय ने भी माना था कि विशेष दर्जा खत्म होने और राज्य में कर्फ्यू के दौरान स्थानीय युवाओं की आतंकी समूहों में भर्ती बढ़ी है। पहले नोटबंदी के समय दावा किया गया था कि इससे आतंकी समूहों की कमर टूट जाएगी। उन्हें वित्तीय मदद मिलनी बंद हो जाएगी। फिर अनुच्छेद तीन सौ सत्तर हटने के बाद कहा गया कि इससे दहशतगर्दी पर लगाम लग जाएगी। मगर हकीकत यह है कि करीब दो वर्ष तक सघन तलाशी और कड़ी पहरेदारी के बावजूद आतंकी घटनाओं पर कोई उल्लेखनीय अंकुश लगा नजर नहीं आया। फिर जैसे-जैसे वहां जनजीवन सामान्य बनाने के लिए कुछ ढिलाई दी जाने लगी, दहशतगर्दी एकदम से बढ़नी शुरू हो गई। आतंकवादियों ने अपने हमले के तरीके बदल लिए। कभी वे बाहरी लोगों और कश्मीरी पंडितों पर लक्षित हिंसा करने लगे, तो कभी सेना के काफिले पर घात लगा कर हमला। पिछले पांच वर्षों में थोड़े-थोड़े समय बाद सुरक्षाबलों पर घात लगा कर हमले बढ़े हैं। उन हमलों की समीक्षा से यह भी तथ्य सामने आया कि उनके पास बाहर से अत्याधुनिक हथियार पहुंचने लगे हैं, वे सुरक्षाबलों के सूचना तंत्र में सेंध लगाने के नए तरीके तलाश चुके हैं। ऐसे में यह सवाल बार-बार पूछा जाता रहा है कि आतंकी समूहों को वित्तीय मदद पहुंचाने वालों और बाहर से हथियार वगैरह मुहैया कराने वालों पर शिकंजा कसे जाने के बावजूद उन तक ये चीजें कैसे पहुंच जा रही हैं। केंद्र सरकार का शुरू से दावा रहा है कि वह घाटी में आतंकवाद समाप्त करके ही दम लेगी। इसके लिए निस्संदेह उसने सख्त कदम भी उठाए, सीमा पार से होने वाली घुसपैठ कम हो गई। मगर आतंकी घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रहीं, तो इसके पीछे बड़ा कारण है कि दहशतगर्दों को स्थानीय लोगों का समर्थन मिल रहा है और वहां के युवाओं को हथियार उठाने से रोका नहीं जा पा रहा। घाटी में आतंकवाद नासूर बन चुका है, हर नागरिक वहां अमन चाहता है, आतंकवाद को किसी भी रूप में खत्म देखना चाहता है। मगर केवल सरकारी दावों में इसके खत्म होने की बात कहने से हकीकत नहीं छिपती, इसे जमीन पर भी दिखना चाहिए।

# भू कानून से पहले भूमि बंदोबस्त ज्यादा जरूरी : कोश्यारी

देहरादून(उद संवाददाता)। उत्तराखंड बीते कुछ समय से तेजी से सशक्त भू-कानून लागू करने की मांग उठ रही है। लेकिन अब भूमि बंदोबस्त करने की आवाज भी उठने लगी है। साल 1962 के बाद से अब तक उत्तराखंड में भूमि बंदोबस्त नहीं हो पाया है। इसको लेकर अब बीजेपी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व सीएम कोश्यारी का बड़ा बयान भी सामने आया है। मीडिया से अनौपचारिक वार्ता में भगतदा ने कहा है कि भू-कानून से ज्यादा जरूरी प्रदेश के लिए भूमि बंदोबस्त है। उत्तराखंड राज्य की भौगोलिक संरचना इतनी विषम है कि यहां पर किसी भी कानून को लागू करने में कड़ी मशक्कत का सामना करना पड़ता है। ऐसे ही एक कड़े कानून को लागू करने के लिए इन दिनों राज्य के लोग सड़कों पर उतर रहे हैं। राज्य में सशक्त भू-कानून की मांग हो रही है। राज्य के भीतर लोग पड़ोसी राज्य हिमाचल की तर्ज पर सशक्त भू-कानून की मांग कर रहे हैं। इसी बीच पूर्व सीएम भगत सिंह कोश्यारी का बड़ा बयान सामने आया है। उन्होंने कहा है कि प्रदेश में भू-कानून से भूमि बंदोबस्त ज्यादा जरूरी है। उत्तराखंड राज्य की नब्ज को जानने वाले, पूर्व मुख्यमंत्री और महाराष्ट्र के पूर्व राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी ने राज्य में भूमि बंदोबस्त करने पर जोर दिया



है। उन्होंने कहा है कि उत्तराखंड में जितनी जरूरत भू-कानून की है उससे कहीं ज्यादा जरूरत अब भूमि बंदोबस्त की है। साल 1962 के बाद से अभी तक राज्य में भूमि बंदोबस्त नहीं हो पाया है। इसलिए अब जरूरी है की किसानों की भूमि को एक जोत में शामिल किया जाए। उन्होंने कहा है कि भू-कानून से पहले भूमि बंदोबस्ती का होना ज्यादा जरूरी है। बिना भूमि बंदोबस्ती के भू-कानून के कोई मायने नहीं हैं। पूर्व सीएम ने कहा की डेमोक्रेफिक चेंज भी राज्य के लिए बेहद संवेदनशील विषय है। भगतदा ने कहा कि हिमाचल में भी भूमि कानून सख्त बनाया गया है। उत्तराखंड में चकबंदी को लेकर भी व्यापक निर्णय नहीं हो पाया है। आज स्थिति बेहद गंभीर हो चुकी है। सरकारी जमीनों पर कब्जेदार बढ़ गये हैं। सरकार को लैंड सेटलमेंट के लिए व्यापक कार्ययोजना तैयार करनी चाहिये। देहरादून सहित कई क्षेत्रों में आज चाय बागान की जमीनों पर कई मकान बन चुके है। पूर्व सीएम ने कहा कि वह इस मसले को लेकर मुख्यमंत्री से भी चर्चा कर चुके है। वहीं दूसरी तरफ नए भू कानून और भूमि बंदोबस्तीकरण की प्रमुख मांगों को लेकर उठ रही आवाज को लेकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का कहना है कि मूल विषय इस वक्त ये है जो उत्तराखंड का मूल स्वरूप है, यहां की संस्कृति है, वो किसी भी तरह खराब नहीं होना चाहिए। सीएम धामी ने कहा कि इसीलिए हम डेमोग्राफिक चेंज को रोकने के लिए लगातार वेरिफिकेशन ड्राइव भी चला रहे हैं और आगे भी ये सब चलता रहेगा। नए भू कानून और भूमि बंदोबस्ती को लेकर सरकार भले कोई निर्णय न ले पाई हो। लेकिन विपक्षी दल सरकार पर इसको लेकर अब सवाल जरूर खड़े कर रही है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने कहा कि भगत सिंह कोश्यारी सही कह रहे हैं और 1962 के बाद से बंदोबस्त नहीं हुआ है। उत्तराखंड को भूमि बंदोबस्त की ज्यादा जरूरत है। प्रदेश में कई लोगों की जमीन उनके नाम पर नहीं हुई है।

# सरकार ने निकाय चुनाव और टाले तो कांग्रेस करेगी आंदोलनः हरदा

## पूर्व सीएम ने कहाः भाजपा राहुल फोबिया से ग्रस्त, बांग्लादेश पर पीएम मौन

हरिद्वार(उद संवाददाता)। पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के मामले में मौन हैं। भारत के पड़ोसी देशों से संबंध भी चिंताजनक हैं। रविवार को प्रेस क्लब में पत्रकार वार्ता में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पूर्व सीएम हरीश रावत ने कहा कि भाजपा राहुल फोबिया से ग्रस्त हैं। राहुल गांधी की ओर से अमेरिका यात्रा के दौरान कुछ संगठनों और मीडिया से मुलाकात के तमाम झूठ गढ़े जा रहे हैं। कहा कि चीन, आरक्षण, दलितों और अल्पसंख्यकों पर राहुल गांधी की ओर से दिए गए बयानों को गलत तरीके से पेश किया जा रहा है। कहा कि एनडीए गठबंधन में सरकार कभी एक कदम आगे तो कभी एक कदम पीछे हट रही है। इसका प्रमाण वक्फ एक्ट को लेकर किया गया जेपीसी का गठन है। हरीश रावत ने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था की स्थिति चिंताजनक है। तीन महीने में बच्चियों और महिलाओं के साथ हुई अत्याचार की घटनाओं से डर का माहौल है। कहा कि हरिद्वार में ज्वेलर्स शौरूम में दिनदहाड़े हुई करोड़ों की डकैती की घटना का यदि एक सप्ताह में खुलासा नहीं हुआ तो देहरादून में आंदोलन किया जाएगा। पूर्व सीएम ने कहा कि अब अगर सरकार ने नगर निकाय चुनाव को और टालने का प्रयास किया तो कांग्रेस कड़ा विरोध करेगी। उन्होंने कहा अगर अब निकाय चुनाव कराने में सरकार ने देर कराई तो वो इसका विरोध करते हुए पदयात्राएं निकालेंगे। हरिद्वार से फिर चुनाव लड़ने के सवाल पर उन्होंने कहा कि वो हरिद्वार में एक कार्यकर्ता के रूप में सदैव सक्रिय रहेंगे। इस मौके पर विधायक रवि बहादुर, पूर्व विधायक रामयश सिंह, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष राव आफाक अली, किरणपाल बाल्मीकि, संतोष चौहान, अशोक शर्मा, महेश प्रताप राणा, अनिल भास्कर आदि मौजूद रहे।



# ट्रेड यूनियन और किसान संगठन 23 को मनायेंगे काला दिवस

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। ऑल इंडिया सेंट्रल काउंसिल ऑफ ट्रेड यूनियंस (ऐक्टू) की उत्तराखंड राज्य कमेटी बैठक नगर निगम सभागार में सम्पन्न हुई बैठक में किए गए। बैठक को मुख्य रूप से संबोधित करते हुए राष्ट्रीय महासचिव कॉमरेड राजीव डिमरी ने कहा आम चुनाव में मोदी सरकार की कर्मचारी मजदूर विरोधी नीतियों के खिलाफ जनादेश मिला है लेकिन मोदी सरकार जनादेश के विपरीत कर्मचारी मजदूर विरोधी फैसले लागू कर रही है। सरकार निजीकरण वा कॉरपोरेट घरानों के लिए ही जुटी है।मजदूर विरोधी चार लेबर कोड से मजदूरों के अधिकार खत्म हो जाएंगे। ये मजदूरों को गुलामी की ओर क्रूर ओपनिवेशिक दौर में पहुंचा देंगे लेकिन कॉरपोरेट घरानों के लिए मजदूर शोषण आसान बना बन जायेगा। उन्होंने न्यूनतम वेतन 35हजार और सबको न्यूनतम 10हजार पेंशन की वकालत की। सरकारी कर्मी को ओपीएस संवैधानिक जिम्मेदारी बताया और इसे बहाल करने की मांग पर जोर दिया। उन्होंने




औद्योगिक मजदूरों आशा आंगनबाड़ी कर्मचारियों के आंदोलन का समर्थन करते हुए मांगो को पूरा करने हेतु संघर्ष तेज करने का आस्वाह्न किया। उन्होंने कहा कि 23सितम्बर को लेबर कोड की वापसी और मजदूरों के समर्थन में सारी ट्रेड यूनियन व किसान संगठन देश व्यापी काला दिवस मनाएंगे। उन्होंने ऐक्टू के राष्ट्रीय सम्मेलन 23, 24, 24 फरवरी दिल्ली की सफलता के लिए ऐक्टू यूनियंस व कार्यकर्ताओं से आम मीटिंग साझे कार्यक्रमों का अपील की। विशिष्ट अतिथि के रूप में बोलते हुए भाकपा माले के राज्य सचिव कॉमरेड इंद्रेश मैखुरी ने कहा कि उत्तराखंड सरकार राज्य के मजदूरों, राज्य कर्मचारियों शिक्षक, संविदा कर्मी, आशा आंगनबाड़ी, भोजनमाताओं की किसी भी जरूरी मांग को पूरा नहीं कर रही है। उल्टे साजिशन व्यवहार कर उत्पीड़न में जुटी है। उन्होंने कहा कि महिलाओ के खिलाफ यौन अपराध पर रोक की जगह साम्प्रदायिक व्यवहार कर रही है। भाजपा से जुड़े यौन उत्पीडन के आरोपी नेताओ को बचाने में ही सरकार की ऊर्जा दिख रही है। उन्होंने कहा कि राज्य के बेरोजगारों के लिए 60हजार खाली पदों पर भर्ती निकालने के बजाय आपने नेताओ की सेटिंग में लगी धामी सरकार जन विरोधी साबित हो चुकी है। उन्होंने कहा की राज्य सरकार को आंदोलन से हित लागू करने को बाध्य करें। बैठक में 23 सितम्बर को राज्य भर में काला दिवस मनाने, लेबर कोड के खिलाफ व्यापक हस्तार्स अभियान चलने, साझी कार्यवाही तेज करने, आसा आंगनबाड़ी के विभिन्न स्मनेलन करने, संविदा कर्मचारियों के नियमितिकरण हेतु प्रचार करने, ऐक्टू की सदस्यता 25हजार करने, राष्ट्रीय सम्मेलन को सफल करने हेतु अभियान करने के निर्णय लिए गए। बैठक की शुरवात में सीपीएम महासचिव सीताराम येचुरी की आकस्मिक निधन पर एक मिनट के मौन श्रद्धांजलि अर्पित की गई। बैठक का संचालन राज्य महामंत्री कॉमरेड के बोरा ने किया। बैठक में राज्य उपाध्यक्ष कैलाश पाण्डे, उधमसिंह नगर जिला अध्यक्ष दिनेश तिवारी, नैनीताल जिला अध्यक्ष जोगेंद्र लाल, आशा यूनियन की राज्य उपाध्यक्ष रीता कश्यप, ममता पानू,जाईडस ठेका मजदूर नेता अनिता अन्ना, सनसेरा यूनियन अध्यक्ष दीपक कांडपाल, बीएसएनएल नेता पंकज दुर्गापाल, उधमसिंहनगर जिला सचिव निरजनलाल, बजाज यूनियन के महामंत्री हीरा राठौर, निर्माण यूनियन महामंत्री ललित मतियाली, किसन सिंह, बीरेंद्र सिंह मनोज सिंह आर्य, धन सिंह गढ़िया ,कमल सिंह,रुद्रपुर सचिव रविंद्र पाल, शैलेंद्र, महेश, मोहन बड़ियाली, जगदंबा प्रसाद, आदि समेत राज्य कमेटी सद्स्य उपस्थित रहे।

# जल्द रेल लाईन निर्माण के लिए टेंडर जारी करे केंद्र सरकार

## रेल संघर्ष समिति ने जल्द रेल लाईन का निर्माण शुरू नही करने पर दी आंदोलन की चेतावनी

बागेश्वर(उद संवाददाता)। टनकपुर-बागेश्वर रेल निर्माण संघर्ष समिति ने अपनी मांगों के समर्थन में प्रदर्शन किया।संघर्ष समिति ने केंद्र सरकार से जल्द1 रेल लाइन निर्माण शुरू कराने की मांग की।वही रेल संघर्ष समिति के प्रमुख सदस्य और संघर्ष समिति के महासचिव खड़क राम आर्या के आकस्मिक निधन पर शोक जताया, और पुण्य आत्मा की शांति की कामना की। रेल लाइन निर्माण के लिए पूर्व में हुए बजट और सर्वे रिपोर्ट के फाइनल होने के बाद भी अब तक केंद्र सरकार द्वारा रेल लाइन निर्माण के लिए टेंडर प्रक्रिया नही किए जाने पर नाराजगी जताई। और जल्द बजट स्वीकृत करने की मांग की है। संघर्ष समिति के अध्यक्ष नीमा दफौटी ने कहा कि आंदोलन। टनकपुर-बागेश्वर रेल निर्माण संघर्ष समिति का संघर्ष जारी है। समिति से जुड़े लोगों ने अपनी मांगों के समर्थन में प्रदर्शन किया। केंद्र सरकार ने जल्द बजट स्वीकृत कर निर्माण कार्य शुरू करने की मांग की है। मांग पूरी होने तक आंदोलन जारी रखने का संकल्प दोहराया। रविवार को संघर्ष समिति के अध्यक्ष नीमा दफौटी के नेतृत्व में आंदोलनकारी तहसील परिसर पर एकत्र हुए। उन्होंने नारेबाजी के साथ प्रदर्शन किया। कहा कि रेल लाइन निर्माण के लिए केंद्रीय राज्य मंत्री अजय टम्टा से वार्ता हुई है। उन्होंने सकारात्मक बात की है। रेल लाइन निर्माण के लिए बजट आवंटित करने के लिए दबाव बनाया जा रहा है। कहा कि वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव में पीएम नरेंद्र मोदी की घोषणा के बाद रेल लाइन की ब्राडगेज सर्वे के लिए 28 करोड़ रुपये अवमुक्त किए गए। सर्वेक्षण कार्य पूरा होने की जानकारी मिल रही है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सर्वेक्षण का कार्य पूरा होने की जानकारी सार्वजनिक की है। लेकिन अब तक रेल मार्ग के शिलान्यास का नहीं हो सका है। जिसके लिए गैरसैंण जाकर संघर्ष तेज किया जाएगा। इस दौरान संघर्ष समिति के महामंत्री खड़क राम आर्य का निधन शोक व्यक्त किया गया। इस मौके पर एडवोकेट गोविंद भंडारी, केशवानंद जोशी, हेमा जोशी, शीला कोरंगा, बंशीधर जोशी, हेमलता, किशन मलड़ा, आलम मेहरा, दीपक जोशी, लक्ष्मी धर्मशक्तू, भीम कुमार, इंद्रा जोशी, ललित गिरी आदि उपस्थित थे।

# पुलिस प्रशासन की व्यवस्था सराहनीयः विजय

किच्छा(उद संवाददाता)। ईद उल मिलाद उल नबी के अवसर पर निकाल गए जुलूस में पुलिस प्रशासन द्वारा की गई व्यवस्था की प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल के निवर्तमान महामंत्री विजय अरोरा ने प्रशंसा की है। उन्होंने कहा कि पिछले कई वर्षों से अव्यवस्थित चल रही यातायात व्यवस्था को कोतवाली प्रभारी सुंदरम शर्मा ने सुधारते हुए पटरी पर लाकर खड़ा कर दिया है। यह पहली बार हुआ है जब सड़क का एक हिस्सा आवाजाही के लिए खुला रहा वरना पूर्व में दोनों तरफ जाम लगा रहता था। उन्होंने यह भी कहा कि इस अवसर पर जुलूस में मुस्लिम समाज द्वारा भी नियमों का पालन किया गया तथा कतारबद्ध तरीके से जुलूस को संपन्न किया। जुलूस की सफलता के लिए उन्होंने कोतवाली प्रभारी सुंदरम शर्मा की प्रशंसा करते हुए कहा कि त्योहारों से पूर्व उनके द्वारा सभी समुदाय के लोगों की बैठक बुलाकर दिशा निर्देश देते हुए त्योहारों पर जुलूस इत्यादि संपन्न करने के लिए निर्धारित रास्तों का अनुपालन करने को कहा था। जिसके अनुपालन में सभी नागरिक सहयोग करते हुए जुलूस संपन्न किया यह पुलिस प्रशासन का लिया गया उचित निर्णय है।



# गवर्नमेंट पेंशनर्स की बैठक में उठी कई समस्याएं

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। उत्तराखंड गवर्नमेंट पेंशनर्स वेलफेयर ऑर्गेनाइजेशन उत्तराखंड की केन्द्रीय कार्यकारिणी की बैठक का आज आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य अतिथि प्रदेश संरक्षक जेएस. जैन ने अध्यक्षता बीएस रावत, अध्यक्ष व संचालन बाली राम चौहान प्रदेश महामंत्री एवं एसके नैय्यर प्रदेश प्रवक्ता/महासचिव उत्तराखंड गवर्नमेंट पेंशनर्स वेलफेयर ऑर्गेनाइजेशन उधम सिंह नगर द्वारा संयुक्त रुप में किया गया। बैठक में सदस्यों द्वारा स्वर्गीय श्री त्रिपुरारी शरण प्रांतीय संस्थापक अध्यक्ष उत्तर प्रदेश की जयंती पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए श्रद्धांजलि दी गई । बैठक में अनेक प्रस्तावो को विचार-विमर्श कर सर्वसम्मति से पास किया गया। उनमें राजकीय एवं निजी चिकित्सालय में ओपीडी एवं भर्ती की स्थिति में कैशलेस सुविधा उपलब्ध कराने,राजकीय पेंशनर्स एवं परिवारिक पेंशन से गोल्डन कार्ड की मासिक कटौती कार्यरत कर्मचारियों की तुलना में पचास प्रतिशत करने। क्योंकि पेंशनर्स को कर्मचारियों की तुलना में 50 प्रतिशत तथा परिवारिक पेंशनर को 30 प्रतिशत पेंशन मिलती है। 18 माह फ्रीज डीए ऐरियर भुगतान, 80 वर्ष उम्र 20 प्रतिशत पेन्शन बढ़ोत्तरी की व्यवस्था करने, अन्य प्रदेश की भांति 15 से घटाकर 11वर्ष 8 माह किया जाने को शासनादेश जारी कराया जाए। आवश्यकता पडने पर हाईकोर्ट नैनीताल में याचिका दायर कर सदस्यों को न्याय के लिए पहल की जाएगी।जनपद मे राजकीय व निजी चिकित्सालय पर निगरानी व गोल्डन कार्ड धारकों को इलाज की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है अथवा नहीं , के लिए जिला अधिकारी/मुख्यचिकित्सा अधिकारी को नोडल अधिकारी नियुक्त किया जाय ।ताकि जनपद में ही समस्या का निदान हो सके।राजकीय पेंशनर्स को राज्य सरकार स्वास्थ्य योजना के अंतर्गत समस्त पेंशनर्स का आहरण वितरण अधिकारी वरिष्ठ कोषाधिकारी /मुख्य कोषाधिकारी /कोषाधिकारी को नियुक्ति किए जाए।उत्तर प्रदेश के शासनादेश की भांति 30 जून एवं 31 दिसंबर को सेवानिवृत्त कर्मचारियों को एक वेतनबृद्धि दी जाए।जिन सदस्यों द्वारा गोल्डन कार्ड से इलाज कराने से मना कर दिया ,जो इस योजना गोल्डन कार्ड में शामिल होना चाहते हैं उनको एक मौका अवसर प्रदान किया गया जब वह इस योजना में शामिल हो उनकी कटौती इस तिथि से की जाए।बैठक में जीएस जैन प्रदेश संरक्षक, बची सिंह रावत प्रदेश अध्यक्ष, बाली राम चौहान, प्रदेश महामंत्री, बीएल शाह अध्यक्ष, सी एस रावत, एसके नैयर महासचिव, ऊधमसिहनगर, एलडी पान्डे, वीसी तिवारी, आरसी पान्डे, जगदीश पाटनी, सीबी घल्ड़ियाल कोषाध्यक्ष , पान सिंह रौतेला राजबहादुर शर्मा , वीके शर्मा , केएस रावत , पनवेश गुप्ता , एसके मलिक , जय किशन राम, सत्य प्रकाश, राजकुमार त्यागी, श्रीमती कमला रानी वर्मा, वीकेएस यादव, दीप चन्द्र शर्मा, सतीश चन्द शर्मा, हरफूल सिंह राठी, सीता सिंह, डा०प्रताप सिह गडिया, बीडी गंगवार, बाबू सिंह शाक्य, पीसी नौडियाल, एसपी यादव, बीके नैनवाल सहित शाखा जसपुर, काशीपुर, बाजपुर, गदरपुर, रुद्रपुर किच्छा, सितारगंज, खटीमा, बागेश्वर, भिक्यासैन, हल्द्वानी, नैनीताल, भीमताल, अल्मोड़ा, पिथौरागढ़ चम्पावत, हरिद्वार, रुड़की, देहरादून, रुद्रप्रयाग श्री नगर के सदस्यों /पदाधिकारियों ने भाग लिया।





# डीपीएस में तीरंदाजी प्रतियोगिता का भव्य आगाज

रुद्रपुर(उद संवाददाता)।दिल्ली पब्लिक स्कूल में सीबीएसई नॉर्थ जोन-1 तीरंदाजी चैंपियनशिप 2024 का शुभारंभ शानदार तरीके से हुआ। प्रतियोगिता 15 से 17 सितंबर तक आयोजित की जा रही है, जिसमें 60 से अधिक स्कूलों के 350 से अधिक युवा तीरंदाज हिस्सा ले रहे हैं। प्रतियोगिता का उद्देश्य युवाओं के बीच तीरंदाजी जैसे प्राचीन खेल को बढ़ावा देना है। प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि, किच्छा के विधायक तिलक राज बेहड़ ने किया। उनके साथ अन्य प्रमुख अतिथियों में हाईकोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता डी.के. शर्मा ,उप मंडल मजिस्ट्रेट मनीष बिष्ट, प्रबंध निदेशक, पीएसबी पेपर्स एंड प्राइवेट लिमिटेड मेजर केशव सिंगला, कुमांऊ विवि के क्रीड़ा अधिकारी डॉ. नागेंद्र शर्मा और सुशीला तिवारी मेडिकल कॉलेज हल्द्वानी के विभागाध्यक्ष डॉ राजीव और डॉ मैत्रेई शामिल रहे ।उद्घाटन भाषण में श्री बेहड़ ने खेलों के महत्व पर जोर देते हुए कहा खेल न केवल शारीरिक विकास के लिए आवश्यक हैं, बल्कि छात्रों में अनुशासन, टीम वर्क और मानसिक एकाग्रता को भी बढ़ावा देते हैं।ष उन्होंने डीपीएस रुद्रपुर को इस आयोजन के लिए बधाई दी और प्रतिभागियों के समर्पण की सराहना की। उद्घाटन समारोह के तुरंत बाद प्रतियोगिता का पहला दौर शुरू हुआ, जिसमें अंडर-14, अंडर-17 और अंडर-19 श्रेणियों में तीरंदाजों ने भाग लिया। युवा एथलीटों ने सटीकता और कौशल का शानदार प्रदर्शन किया। दर्शकों में उपस्थित माता-पिता, शिक्षक और सहपाठी खिलाड़ियों का जोश बढ़ाते नजर आए, जिससे मैदान पर एक रोमांचक माहौल बन गया। प्रतियोगिता का पहला दिन शानदार मुकाबलों और बेहतरीन प्रदर्शनों के साथ संपन्न हुआ। आयोजन समिति और स्वयंसेवकों ने प्रतियोगिता के सुचारू संचालन और सुरक्षा प्रोटोकॉल के पालन को सुनिश्चित किया। इस अवसर पर डीपीएस रुद्रपुर के चेयरमैन सुरजीत सिंह ग्रोवर ने सभी प्रतिभागियों का हौसला बढ़ाया और कहा हमारे स्कूल का उद्देश्य हमेशा से ही छात्रों को सर्वश्रेष्ठ मंच प्रदान करना रहा है, ताकि वे अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकें। उन्होंने उपस्थित सभी अतिथीयों को आभार व्यक्त किया और सभी का ` स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।







## पेज एक का शेष...

**प्रदेश में धामी के जन्मदिन...**महिला समहू द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन भी किया गया। जहाँ विधायक अरोरा ने रक्तदान करने वाली महिलाओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। सीएम के जन्म दिन पर विधायक शिव अरोरा ने प्रदेश के बागडोर सँभालने के बाद से प्रदेश की सेवा मे लगे मुख्यमंत्री धामी ने प्रदेश को निरंतर विकास के पथ पर आगे ले जाने का कार्य किया है ओर राज्य हित मे सख्त से सख्त निर्णय लेने के लिये पुष्कर सिंह धामी की देश के अग्रणी मुख्यमंत्री मे गिनती होती है वही उनकी लोकप्रियता का अंदाजा इससे लगाया जाता है कि हर राज्य के चुनाव मे स्टार प्रचारक के रूप मे सभाओ के लिये जाते है, उनके नेतृत्व मे देवभूमि के विकास को नई रफ्तार मिली है। इस दौरान पूर्व मेयर रामपाल, विवेक सक्सेना,किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष धीरेन्द्र मिश्रा, सुरेश कोली, प्रीत ग्रोवर,उपेंद्र चौधरी, तरुण दत्ता, धीरेश गुप्ता, योगेश वर्मा, बिट्टू चौहान विवेक दीप, निमित्त शर्मा, मयंक कक्कड़, मोहन तिवारी, विनय बत्रा, हिमांशु शुक्ला, धर्म सिंह कोली, जीतेन्द्र संधू, गोपाल पटेल, कुलदीप चंद, रचित सिंह, अंशुल अरोरा, नवीन पाण्डेय, अरुण दीक्षित,राजेंद्र राठौर सहित अन्य लोग मौजूद रहे। उधर राधा कृष्ण गोविंद मंदिर ट्रांजिट कैंप में भाजपा कार्यकर्ताओं ने दर्जा राज्य मंत्री उत्तम दत्ता के नेतृत्व में हवन यज्ञ कर मुख्यमंत्री धामी के उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की कामना की। इस दौरान भाजपा नेताओं ने कहा कि धामी के नेतृत्व में उत्तराखंड चहुमुखी विकास की ओर अग्रसर है। धामी के नेतृत्व में सरकार निरंतर जनहित के कार्य कर रही हैं। आज उत्तराखंड का आम जनमानस अपने आप को खुशहाल महसूस कर रहा है । इस दौरान के के दास अनिल चौहान, राकेश सिंह, चंद्रसेन कोली, रश्मि रस्तोगी, श्वेता मिश्रा, फरजाना बेगम, राधेश शर्मा, संजीव गुप्ता, मनोज गुप्ता, पार्षद विधान राय, बबलू सागर, वीरेंद्र तिवारी, आलोक राय, प्रभाष स्वर्णकार, विधान मण्डल, दीनू साना, शंकर विश्वास, अजीत सिंह, विजय डे, ममता त्रिपाठी, परिमल मण्डल, राकेश दास, सुरेंद्र गुप्ता, भरत लाल श्रीवास्तव, विक्की सरकार, गौरव दास, धीरज दास, संजू दत्ता, समर दत्ता, विश्वजीत दास, रजत देवनाथ, रत्न दास, कुमारेश अधिकारी, संजू धीमान, संजय राय, निर्मल मण्डल ,सुशांत मण्डल, गौरव पाण्डे, कुणाल चौरसिया आदि मौजूद रहे। **गदरपुर**-सीएम पुष्कर सिंह धामी के जन्मदिन पर भाजपा जिला अध्यक्ष गुंजन सुविधा के नेतृत्व में मंडल अध्यक्ष सुरेश खुराना के सहयोग से नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। मेडिकल कैंप में चिकित्सकों द्वारा परामर्श देने के साथ-साथ विभिन्न प्रकार की जांच भी मुफ्त की गयी। इस अवसर पर पूर्व दर्जा राज्य मंत्री विजय मंडल , पूर्व जिला पंचायत सदस्य मोहन सिंह पानु , एसटी आयोग सदस्य उत्तराखंड बाबू सिंह तोमर, महिला आयोग सदस्य उत्तराखंड कबलजीत कौर, भाजपा नेता राजेश गुम्बर, मंडल अध्यक्ष सुरेश खुराना, मंडल महामंत्री अनिल जेटली एवं अभिषेक वर्मा, चिकित्सा प्रकोष्ठ जिला संयोजक डॉक्टर सोनू विश्वास, राजकुमार गुम्बर सहित अन्य सम्मानित पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। वही सीएम धामी की दीर्घायु और निरोगी काया के लिए सती मठ गदरपुर में हवन यज्ञ का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें जिला अध्यक्ष गुंजन सुखीजा मुख्य रूप से उपस्थित रहे। उनके अलावा मंडल गदरपुर अध्यक्ष सुरेश खुराना, मुनि भुसरी , निर्मल नारंग, राज कुमार भुड्डी जी, जसवीर चीमा, डॉक्टर राजकुमार मिगलानी, राजू शर्मा, संजीव गांधी, मनोज गुंबर, सुभाष गुंबर , पंकज सेतिया , राकेश गुंबर मिनी , हरलोक नामधारी, शिवम त्रिपाठी आदि मौजूद रहे। हवन यज्ञ चंद्र दत्त लखेड़ा ने किया।

**पुरखुलूस मसहसैल में...**गये थे। साथ ही लोगों को फल, पानी आदि का वितरण भी किया गया। इस दौरान सम्पूर्ण मार्ग पर सुरक्षा के भी कड़े इंतजाम रहे। जुलूस में मुख्य रूप से डा. शाहिद रजा रिजवी, बाबू खान, उमर अली, मौ हनीफ, डा. हबीब, डा. शहखान राजशाही, मो. दानिश, मो. सुहेल, हाजी सलीम, सुल्तान , मुफ्ती इमरान अली, अरशद खान, नदीम खान, मौलाना शेर मौहम्मद,परवेज कुरैशी, मजहर ,यासीन अंसारी, अबरार अहमद, अशफाक अहमद, नूर अहमद, जाहिद मियां, निसार अहमद, वाहिद मियां, कदीर अहमद सहित नगर व आसपास क्षेत्रों से आये मुस्लिम समाज के हजारों लोग मौजूद थे। **काशीपुर**-इस्लाम धर्म के प्रवर्तक हजरत मोहम्मद साहब के यौमे पैदाइश के मौके पर जश्ने ईद मिलादुन्नबी का जुलूस प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी पूरी शानो शौकत के साथ नगर के विभिन्न मार्गो से गुजरा। महाराणा प्रताप चौक पर समाज सेवा से जुड़े लोगों के अलावा कांग्रेस के पदाधिकारियों ने जुलूस का जोरदार खैरमकदम करते हुए एक दूसरे को ईद-ए-मिलाद-उल-नबी की मुबारकबाद पेश की। मुस्लिम बाहुल्य मोहल्ले में जश्न का माहौल बना हुआ है। इस मौके पर घरों व मस्जिदों को आकर्षक विद्युत झालरों से सजाया गया है। दरगाहों पर जाकर जहां एक ओर लोगों ने कुरान की तिलावत की वहीं दूसरी ओर पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब की दया करुणा और शिक्षाओं को याद करते हुए बताएं मार्ग पर चलने का संकल्प लिया और मुल्क के अमनो अमन की दुआ की। परंपरागत तरीके से निकलने वाला जुलूस ए मोहम्मदी निर्धारित समय पर बांसफोड़ान में एकत्रित हुआ। शहर इमाम मुफ्ती मुनाजिर हुसैन की अगुवाई में मुरादाबाद रोड रेलवे स्टेशन से महाराणा प्रताप चौक, मेन मार्केट से वापस मोहल्ला अल्ली खां स्थित कर्बला मैदान पर पहुंचकर समाप्त हुआ। जुलूस में मक्का मदीना की झांकी के अलावा नबी की याद में जायरीन झूमते नजर आए। जुलूस में फौजी ड्रेस में बच्चे तथा तिरंगे झंडो में देश भक्ति की बयार देखी गई। इसी तरह दूसरा जुलूस ए मोहम्मदी मोहल्ला विजयनगर नई बस्ती से निकाल गया। यह जुलूस रामनगर रोड से चलकर महाराणा प्रताप चौक पर दूसरे जुलूस से मोहम्मदी में शामिल होकर मुख्य बाजार से होता हुआ वापस गंतव्य पर पहुंचकर समाप्त हुआ। जुलूस में कमेटी के सदर राजा शब्बीर, पूर्व पालिका अध्यक्ष शमसुद्दीन, ईदगाह के सदर हसीन खान, शेख अब्दुल अजीज कुरैशी, मुशर्रफ हुसैन, माजिद अली, मोहम्मद सलीम एडवोकेट, अख्तर अली महीगीर, युसूफ पेंटर, आरिफ खान, एड रहमत अली, मुमताज मंसूरी, राशिद फारुकी, डॉ एम ए राहुल, आदि सैकड़ों लोग शामिल रहे। उधर दूसरी और मुख्य चौराहे पर विजन हेल्प वेलफेयर फाउंडेशन के पदाधिकारियों ने भी जुलूस ए मोहम्मदी का जोरदार खैर मकदम करते हुए जुलूस में शामिल लोगों को शीतल पेय, एवं पानी की बोतले वितरित की। इस मौके पर फाउंडेशन के अध्यक्ष आसिफ रजा के अलावा सरफराज सैफी, मोहम्मद मो शाहनवाज, अब्दुल कादिर, तौकीर अंसारी, सारिफ सैफी, हाजी बिलाल, शबाब खान, अनवर हुसैन आदि मौजूद रहे। इसी तरह मुख्य चौराहे के समीप ठेला खोखा कल्याण समिति के अध्यक्ष इलियास महीगीर व महानगर कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों ने भी जुलूस में शामिल लोगों का स्वागत करते हुए उन्हें जलपान कराया। यहां प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव अरुण चौहान, पूर्व महानगर अध्यक्ष संदीप सहगल, मुक्ता सिंह, जय सिंह गौतम, युवा कांग्रेस नेता अर्पित मेहरोत्रा, मंसूर अली मेफेयर, आदि शामिल रहे। यहीं पर समाज सेवा से जुड़े इंजीनियर शादाब आलम ने भी अपने साथियों के साथ मिलकर जुलूस ए मोहम्मदी का इस्तकबाल करते हुए शामिल लोगों का स्वागत किया।

**अलग अलग सड़क हादसो..** मृतक शुजाहिद पांच भाईयों में तीसरे नंबर का था। उसके तीन बच्चे हैं। पुलिस ने दोनों शवों का पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उधर सिडकुल स्थित आर्चिड प्लाई इंडस्ट्रीज में कार्य कर घर वापस लौट रहे एक श्रमिक को अज्ञात वाहन ने रौंद दिया। श्रमिक को जिला चिकित्सालय ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे हायर सेंटर रैफर कर दिया। परंतु सुशीला तिवारी चिकित्सालय, हल्द्वानी में उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। तीनपानी डाम फुलसुंगा निवासी कालो देवी ने बताया कि उसका पति देवेद्र साहनी गत रात्रि करीब साढ़े नौ बजे एटीपी प्लाईबोर्ड से ड्यूटी समाप्त कर घर को वापस लौट रहे थे। रास्ते में नीम करोली धर्म कांटे के पास ट्रांसपोर्ट के सामने सड़क के किनारे खड़े उसके पति को अज्ञात वाहन ने रौद दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गये। पुलिस की मदद से उन्हें उपचार के जिला चिकित्सालय ले जाया गया। जहां उनकी हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने उन्हे सुशीला तिवारी चिकित्सालय, हल्द्वानी रैफर कर दिया। जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। वार्ड एक के निवर्तमान पार्षद सुरेश गौरी के साथ परिजन ट्रांजिट कैम्प थाने पहुंचे और उन्होंने घटना की तहरीर पुलिस को सौंपकर आरोपी वाहन चालक को पकड़कर उसके विरूद्ध कार्रवाई करने की मांग की। सुरेश गौरी ने बताया कि मृतक देवेन्द्र साहनी गरीब परिवार से था। उसके दो नाबालिग पुत्र अमरजीत व राजा तथा दो विवाहित पुत्रियां रेखा व सुरेखा हैं। देवेन्द्र की मौत से परिजनों के समक्ष रोजी रोटी का संकट आ खड़ा हुआ है।

**जुलूस के दौरान ...**कोहराम मच गया और जुलस ए मोहम्मदी की खुशियां मातम में बदल गई। मामले की जानकारी मिलने पर पुलिस ने मृतक के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। घटना से लोगों में विद्युत विभाग के खिलाफ आक्रोश है। जुलूस में शामिल लोगों का कहना था कि हर बार जुलूस के दौरान विद्युत आपूर्ति बंद कर दी जाती है लेकिन इस बार विभाग ने ऐसा नहीं किया। वहीं कुछ लोगों ने बताया कि रात को एक वाहन से विद्युत तार टूट गयी थी, लेकिन उसे दुरूस्त नहीं किया गया जिसके चलते आज हादसा हो गया।

**रेलवे ट्रैक पर...**की शिनाख्त के प्रयास किये लेकिन उसकी शिनाख्त नहीं हो पायी। मृतक की उम्र करीब 35 वर्ष बतायी जा रही है। एसआई नीरज जोशी ने पंचनामा की कार्रवाई के बाद शव को मोर्चरी भेज दिया।

**संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा**
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
**सम्पादक- परमपाल सुखीजा**
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
**E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in**
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# धामी के जन्म दिन पर काटा केक, भंडारा आयोजित

## मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में राज्य का हो रहा चहुंमुखी विकास : चुघ





रुद्रपुर (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का जन्म दिवस युवा संकल्प दिवस के रूप में धूमधाम से मनाया गया। भारतीय जनता पार्टी आर्थिक प्रकोष्ठ के प्रदेश सहसंयोजक भारत भूषण चुघ के नेतृत्व में तमाम युवा भगत सिंह चौक पर एकत्र हुए और सीएम धामी की दीर्घायु की कामना करते हुए केक काटा। उसके पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जहां सैकड़ों लोगों ने लंगर ग्रहण किया। भाजपा नेता चुघ ने कहा कि प्रदेश के युवा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में राज्य का चहुंमुखी विकास हो रहा है और सरकार की तमाम लाभकारी योजनाओं का जनता को लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा भाजपा सरकार सभी वर्गों की हितैषी है और सभी वर्गों को साथ लेकर विकास के नए आयाम लिख रही है। चुघ ने कहा कि केंद्र और राज्य की सरकार आपस में मिलजुल कर कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री धामी विकास की सोच रखते हैं और युवाओं के उत्थान के लिए निरंतर प्रयासरत रहते हैं।चुघ ने कहा कि भाजपा की एक सामान्य कार्यकर्ता के रूप में पुष्कर सिंह धामी ने अपना राजनीतिक करियर शुरू किया और युवा मोर्चा में रहते हुए युवाओं को पार्टी से जोड़ा उसके पश्चात खटीमा के विधायक बने अपनी कुशल और बेहतरीन कार्यशैली के चलते उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पद पर आसीन हुए। उन्होंने कहा की मुख्यमंत्री के पद पर रहते हुए उन्होंने राज्य को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया और देश-विदेश के मानचित्र पर उत्तराखंड का नाम अंकित किया। उन्होंने कहा कि सीएम धामी सदैव राज्य के लोगों और पार्टी के हित में कार्य करते हैं और उनके नेतृत्व में युवा लगातार पार्टी से जुड़ते जा रहे हैं इससे प्रतीत होता है कि आने वाला कल भी भाजपा का ही होगा। उन्होंने सीएम धामी के जन्म दिवस के अवसर पर सभी क्षेत्रवासियों को शुभकामनाएं दी। इस दौरान जगदीश टंडन ,अशोक गुम्बर, हरबंस कुमार, नारायण, दीपक, रोनिक नारंग, रुपेश, रोहित जगा,सचिन तनेजा, जगदीश कुमार, राज कोली, सन्नी पासवान, अमित गौड़, राजा, सरजू, शिवकुमार, अक्षय गावा, संतोष शर्मा, सुखदेव सिंह, मनीष चुघ, जगदीश सुखीजा, उमेश, नीलकंठ, विकास तनेजा, विकास बंसल, दीपक मुंजाल, गगन, गगनप्रीत सिंह, वेदांत जुनेजा, संजीव गुप्ता, राजेश, सुरेंद्र गुप्ता आदि मौजूद रहे।








